शिव की नगरियां शिव के धाम

शिव की नगरियां शिव के धाम चले,
शिव की नगरियां शिव के धाम,
कंधे पे तू कावर लेके जपके शिव का नाम,
शिव की नगरियां शिव के धाम.....

हर हर बम बम जपके तू दर भोले के आयेगा,
गंगा जल की बरखा कर शिव को जो तू चढ़ाये गा,
राहो के कंकर पत्थर से कभी नहीं घबराना ,
हर हर बम बम हर पल जपते जाना ले कर भोले का नाम,
जपले तू शिव का नाम,
शिव की नगरियां शिव के धाम

यु तो भोले नाथ के सब रोज ही पूजा करते है,
पर सावन में कावर ले जो भोले के घर आते है,
उनकी जीवन की राहो का होता दूर अँधेरा,
भोले बेडा पार है करते ये है विश्वास मेरा,
जपले तू शिव का नाम,
शिव की नगरियां शिव के धाम

शिव अनेको रूप है शिव के अनेको नाम है,
हर रूप में निराले है शिव के अनेको धाम है,
सबकी ईशा पूरी करते शिव भोले भंडारी,
शिव के चरणों में तर जाते पापी और अज्ञानी,
जपले तू शिव का नाम,
शिव की नगरियां शिव के धाम

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4314/title/chal-shiv-ki-nagariya-shiv-ke-dham-kandhe-pe-tu-kawar-leke-japke-shiv-ka-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |